
आज का दिन 2009 में उत्तर प्रदेश को हराकर मुंबई ने रिकॉर्ड 38वीं बार रणजी चैम्पियनशिप जीती।



### नौवीं बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा-सरकार कई कदम आगे बढ़ी है, किसानों को भी आगे बढ़ना चाहिए

# किसानों को भी नरमी दिखानी चाहिए: तोमर




नई दिल्ली | वि.सं./एजेंसी

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को आंदोलनरत किसान संगठनों से रुख में नरमी लाने की अपील की। किसान संगठनों के नेताओं संग बैठक में तोमर ने कहा, हमने आपकी (किसान) कुछ मांगें मानी हैं। क्या आपको भी कुछ नरमी नहीं दिखानी चाहिए? कानून वापसी की एक ही मांग पर अड़े रहने की बजाय आपको भी हमारी कुछ बातें माननी चाहिए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार कई कदम आगे बढ़ी है, किसानों को भी आगे बढ़ना चाहिए। तोमर ने फिर दोहराया कि किसान ठंड और कोरोना में आंदोलन पर बैठे हैं, सरकार को इसकी चिंता है, इसलिए वार्ता कर रही है।

**सुप्रीम कोर्ट की कमेटी जब बुलाएगी तब पक्ष रखेंगे :** एक सवाल के जवाब में तोमर ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के समिति गठित करने के फैसले का स्वागत करती है। कोर्ट के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। इसको लेकर किसी को शंका नहीं होनी चाहिए। समिति जब बुलाएगी तो सरकार अपना पक्ष रखने जाएगी। समिति का गठन समाधान के लिए हुआ है। किसान आंदोलन में खालिस्तान के घुस आने के सवाल पर तोमर ने कहा, दो-तीन राज्यों के किसान ही आंदोलन कर रहे हैं। सरकार किसान नेता को उनका प्रतिनिधि मानती है, इसलिए चर्चा कर रही है।

### जिस दिन समिति की बैठक उसी दिन फिर वार्ता

अगले दौर की वार्ता उस दिन होने जा रही है जिस दिन कृषि कानूनों को लेकर गतिरोध दूर करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति की पहली बैठक होने की संभावना है। समिति की बैठक 19 जनवरी तय है। इससे एक दिन पहले 18 जनवरी को उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर सकती है, जो गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर रैली के आह्वान के खिलाफ दायर की गई है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को किसानों संग बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर। साथ में हैं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल। • प्रेट्र

### राहुल पर निशाना

एक सवाल के जवाब में तोमर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, 2019 के घोषणापत्र में कांग्रेस ने कृषि सुधार की बात कही थी। लिखित वादा करने के बाद अब कांग्रेस उनको गलत ठहरा रही है। कांग्रेस नेताओं को मीडिया में बताना चाहिए कि वह आज झूठ बोल रहे हैं अथवा पहले झूठा वादा किया था।

### आईएमएफ ने सराहा

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का मानना है कि तीनों हालिया कानून भारत में कृषि सुधारों को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया अहम कदम है। आईएमएफ के संचार निदेशक (प्रवक्ता) गेरी राइस ने कहा कि नई व्यवस्था को अपनाने की प्रक्रिया के दौरान प्रतिकूल प्रभाव झेलने वाले लोगों के बचाव के लिए सामाजिक सुरक्षा का प्रबंध जरूरी है। नए कानून बिचौलियों की भूमिका को कम करेंगे और दक्षता बढ़ाएंगे।

## कानूनों को रद्द कराए बगैर घर नहीं जाएंगे

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

सरकार और संयुक्त किसान मोर्चा की नौवीं बैठक विफल होने के बाद किसान नेताओं ने स्पष्ट कहा कि तीनों कृषि कानूनों को रद्द कराए बगैर वह घर वापस नहीं जाएंगे। आगामी 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी। इसकी रूपरेखा जल्द तैयार होगी। किसान आंदोलन शांतिपूर्ण चलता रहेगा, जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती हैं।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राकेश टिकैत ने पत्रकारों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति में किसान नेता नहीं जाएंगे। हमारी सरकार से वार्ता जारी रहेगी। वार्ता में सरकार एमएसपी की मांग से भाग रही थी, लेकिन किसान सरकार को भागने नहीं देंगे।

आगामी 19 जनवरी को बैठक में दो मुद्दों पर बातचीत होगा, इसमें पहला मुद्दा तीनों कृषि कानूनों को रद्द करना और एमएसपी पर गारंटी खरीद के लिए कानून बनाना। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार संयुक्त मोर्चा के आंदोलन को लेकर बनाए गए पूर्व कार्यक्रम चलते रहेंगे। ट्रैक्टर रैली की रूपरेखा 17 जनवरी तक तैयार हो जाएगी।

मोर्चा के वरिष्ठ नेता दर्शनपाल ने कहा कि सरकार ने प्रस्ताव दिया कि कृषि कानूनों व एमएसपी पर एक छोटा समूह (पांच सदस्य) लिया जाए। जिससे कानूनों को लेकर बिंदुवार चर्चा हो सके। लेकिन मोर्चा ने इसको खारिज कर दिया। उन्होंने कहा किसान संगठन कानूनों को रद्द करने की मांग शुरू से कर रहे हैं। इसके कम पर किस बात के लिए तैयार नहीं हैं। जब तक सरकार तीनों कानूनों को रद्द नहीं करती है तब तक किसान अपने घर नहीं जाएंगे।

### किसान बोले

- आगामी 26 जनवरी को किसान ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी
- सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति में किसान नेता नहीं जाएंगे



नई दिल्ली स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में शुक्रवार को आरएसएस प्रमुख का स्वागत करते मंदिर के संत स्वामी कृष्ण शाह विद्यार्थी महाराज।

## रामजन्मभूमि निधि समर्पण अभियान शुरू




नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने दिल्ली में मंदिर मार्ग स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में श्री रामजन्मभूमि निधि समर्पण महाअभियान का प्रारंभ किया। इस अवसर पर मंदिर के संत स्वामी कृष्ण शाह विद्यार्थी महाराज ने आरएसएस प्रमुख का स्वागत किया।

मोहन भागवत ने स्वामी कृष्ण शाह विद्यार्थी महाराज को श्री राम मंदिर का प्रारूप भेंट किया। वहीं महाराज ने महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में महात्मा गांधी से जुड़ी स्मृतियों को संघ प्रमुख से साझा किया। मंदिर प्रशासन के मुताबिक इस निधि समर्पण महाभियान में स्वामी महाराज ने भी अपना योगदान दिया।

**वाराणसी में बाबा को चढ़ाई पहली रसीद :** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि संग्रह शुक्रवार से शुरू हो गया। विहिप के पदाधिकारियों ने सुबह काशी-विश्वनाथ व कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। दोनों मंदिरों में रसीद की प्रतियां अर्पित कर अभियान में सफलता का आशीर्वाद मांगा।

### शिवराज ने मंदिर के लिए एक लाख दिए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि संग्रह अभियान के तहत शुक्रवार को यहां एक लाख रुपये की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री से उनके निवास पर निधि संग्रह अभियान का दायित्व निर्वहन कर रहे पदाधिकारियों ने भेंट की। चौहान ने ट्वीट के माध्यम से इसकी जानकारी देते हुए कहा कि आज उनके लिए जीवन का सबसे सौभाग्यशाली दिन रहा। श्रीराम मंदिर के निर्माण में एक ईंट उनके परिवार की भी लगेगी।

### एक लाख स्थानों पर निधि समर्पण अभियान शुरू

**अयोध्या।** रामजन्मभूमि में विराजमान रामलला के मंदिर निर्माण के लिए देश के करीब एक लाख तय स्थानों पर निधि समर्पण अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर सभी स्थानों पर उपलब्ध सभागृहों में अलग अलग अभियान की शुरुआत के साथ गोष्ठियां की गईं। इसमें क्षेत्रीय लोगों को मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए प्रेरित किया। अभियान में 30 लाख से अधिक कार्यकर्ता एक साथ आयोजन को सफल बनाने के लिए निकले हैं।

### वेंकैया नायडू का परिवार पहले ही दे चुका है पांच लाख

**नई दिल्ली।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए दान राशि एकत्रित करने के अभियान की शुरुआत शुक्रवार को हुई। उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के परिवार ने मंदिर के निर्माण के लिए पांच लाख रुपये से अधिक का योगदान पहले ही दे दिया है। विहिप के अनुसार नायडू की पत्नी ऊषा नायडू पहले ही मंदिर के निर्माण के लिए पूरे परिवार की ओर से 5,11,116 रुपये का योगदान दे चुकी हैं।

## केंद्र सरकार को पीछे हटना ही होगा : राहुल

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस ने पूरे देश में 'किसान अधिकार दिवस' मनाया। पार्टी ने सभी प्रदेशों में राजभवनों का घेराव किया और सोशल मीडिया पर 'स्पीक अप फॉर किसान अधिकार' मुहिम चलाई। दिल्ली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी उपराज्यपाल भवन के घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए।

राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, केंद्र सरकार का अहंकार भी टूटेगा। लेकिन अन्नदाता का हौसला न टूटा है और न टूटेगा। सरकार को कृषि विरोधी कानून वापस लेने होंगे। जंतर-मंतर पर पिछले करीब चालीस दिन से धरना दे रहे पंजाब से पार्टी सांसदों का समर्थन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि यह तीनों कानून किसानों को खत्म करने वाले कानून हैं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी को किसानों ने बरकरार रखा है। क्योंकि, जिस दिन देश की खाद्य सुरक्षा चली जाएगी, उस दिन देश की आजादी चली जाएगी।



नई दिल्ली में शुक्रवार को राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पार्टी सांसदों-विधायकों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। • सोनू मेहता

### धरनारत कांग्रेस सांसद और विधायकों से मिले

राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी ने जंतर-मंतर पहुंचकर पंजाब से पार्टी के उन सांसदों के साथ एकजुटता प्रकट की जो पिछले करीब 40 दिनों से कृषि कानूनों के विरोध में धरने पर बैठे हुए हैं।

**विदेश से लौटते ही सक्रिय :** राहुल गांधी विदेश से लौटने के बाद मजबूती के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं। किसान आंदोलन को लेकर इससे पहले भी पार्टी ने पूरे देश में कई कार्यक्रम किए थे पर राहुल गांधी प्रदेशों के इन कार्यक्रमों से दूर रहे थे। ऐसे में राहुल गांधी से तमिलनाडु के दौरे और दिल्ली में उपराज्यपाल भवन के घेराव में शामिल होना मौजूदगी दर्ज कराना है।

## अभय चौटाला ने फिर भेजा इस्तीफा, ट्रैक्टर रैली में गए

**जींद।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के विरोध में ई-मेल द्वारा भेजा गया सशर्त इस्तीफा खारिज होने के बाद इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने अब संशोधित त्यागपत्र विधानसभा भेजा है। शुक्रवार सुबह पार्टी पदाधिकारियों ने विधानसभा सचिवालय जाकर सशर्त इस्तीफा सौंपा। इसके बाद अभय चौटाला अंबाला से निकलने वाली ट्रैक्टर यात्रा के लिए कूच कर गए।

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि एसवाइएल को लेकर हुए आंदोलन के दौरान भी चौधरी देवीलाल और डा. मंगलसेन ने इसी तर्ज पर विधानसभा से इस्तीफे स्पीकर को भेजे थे। तब उन्हें स्वीकार कर लिया गया था। फिर मौजूदा स्पीकर को इस्तीफा स्वीकार करने में क्या हर्ज है। उन्होंने दोहराया कि इस्तीफा मंजूर नहीं होने की स्थिति में वह 27 जनवरी को ट्रैक्टर पर सवार होकर विधानसभा जाएंगे और वहां स्पीकर से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे।

**26 तक कृषि कानून रद होने की शर्त :** वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि चौटाला चौधरी देवीलाल और डॉ. मंगलसेन के जिस इस्तीफे की बात कर रहे हैं, वह डेट बाउंड नहीं थे। चौटाला ने अपने इस्तीफे में 26 जनवरी तक कृषि कानून रद होने की शर्त रखी है।

## पहली स्वदेशी चालक रहित मेट्रो कार का उद्घाटन

बेंगलुरु | एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को देश की पहली स्वदेश निर्मित चालक रहित मेट्रो कार का यहां बीईएमएल विनिर्माण केंद्र में उद्घाटन किया।

निर्माण संयंत्र का दौरा करने वाले रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के बेंगलुरू मुख्यालय में इंजीनियरों और तकनीशियनों की टीम अच्छा काम कर रही है जिस पर उन्हें गर्व है। उन्होंने ट्वीट किया, वे (इंजीनियर और तकनीशियन) आत्मनिर्भर भारत के वास्तविक योद्धा हैं, जो भारत को आगे ले जा रहे हैं। बीईएमएल के मुताबिक, अत्याधुनिक चालक रहित मेट्रो कार कंपनी के बेंगलुरु परिसर में बनाई जा रही है। छह कारों वाली मेट्रो ट्रेन में 2,280 यात्रियों को ढोने की क्षमता है।

### 323 करोड़ की परियोजना शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कर्नाटक में दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं के निर्माण पर 323 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

परियोजनाओं के तहत हुबली में रानी चेन्नम्मा सर्किल पर एलिवेटेड कॉरिडोर, चार लेन की सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर एक छोटे पुल का निर्माण शामिल है।

### शाह नई बटालियन परिसर की आधारशिला रखेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को कर्नाटक के शिमोगा जिले में द्रुत कार्य बल (रैपिड एक्शन फोर्स) की एक नई बटालियन परिसर की आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येद्दीयुरप्पा के भी शाह के साथ रहने की संभावना है।

### सड़क सुरक्षा माह 18 से

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के वास्ते लोगों में जागृति लाने के लिए 18 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन करेंगे। इसके बाद एक माह तक देश में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09202117 | योक ड्राईग नं. एस.के. 62724 | 1810 नग | 15-02-21 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं0 : 49/2020–2021 दिनांक 15.01.2021 122/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/नार्दर्न रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम ऑफिस, नई दिल्ली–110001 ने अधोविख्यात काम के लिए एकल पैकेट प्रणाली के तहत ई–निविदा आमंत्रित करता है:–

| | |
|---|---|
| कार्य और स्थान का नाम | दिल्ली–अंबाला सेक्शन के पास कोहंड में, एल–क्रॉसिंग 61 पर 132 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशन और संशोधन हेतु। |
| कार्य की पूर्णता अवधि | 12 महीने |
| लगभग काम की लागत | ₹3,06,07,515.90 |
| बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | ₹3,03,000/- |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 11.02.2021 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in को 11.30 बजे तक निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 11.02.2021 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 28.01.2021 से 11.02.2021। उपर्युक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

संख्याः 320-Dy.CEE/C/NDLS/2020-21 दिनांकः 15.01.2021 121/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार, उत्तराखण्ड जल संस्थान, जल भवन, 'बी' ब्लाक, नेहरु कालोनी, देहरादून**

पत्रांकः–858/ई–निविदा/2020–21 दिनांकः– 15.01.2021

**ई–निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से केन्द्रीय भण्डार, देहरादून द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई–निविदा, टू–बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कार्मिशियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा सं. | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि रू. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | ई–निविदा द्वारा निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | निविदा की वैधता | प्रि–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 13 | वार्षिक दर अनुबन्ध पर, ISI marked C.I. Detachable Joints with full threaded bolts and nuts, rubber rings complete conforming to IS: 8794/1988 for water works purpose and C.I. Detachable Joints with full threaded bolts and nuts, rubber rings complete confirming to IS suitable for PVC Pipes की आपूर्ति। | | | | | | |
| | | 60,000.00 | 18.01.2021 from 11:00 a.m. | 03.02.2021 upto 5:00 p.m. | 04.02.2021 at 11:00 a.m. | 90 days | 23.01.2021 at 11:00 a.m. |
| | अर्हताः– Only manufacturers of ISI marked C.I. Detachable Joints having BIS license for IS: 8794/1988 are allowed to take part in this tender. | | | | | | |
| 15 | वार्षिक दर अनुबन्ध पर, प्रीकास्ट कन्क्रीट प्लेटफार्म 1.2 मीटर व्यास विद चौकी (स्टैण्डिंग बेस) 0.6 x 0.6 मीटर एंड प्रीकास्ट कन्क्रीट ड्रेन 1.0 मीटर लेंथ एज पर डिपार्टमेन्टल ड्राईग एंड डिजाईन की आपूर्ति। | | | | | | |
| | | 30,000.00 | 18.01.2021 from 11:00 a.m. | 03.02.2021 upto 5:00 p.m. | 04.02.2021 at 11:00 a.m. | 90 days | 23.01.2021 at 11:00 a.m. |
| | अर्हताः– Only manufacturers of RCC Platform and Drain are allowed to take part in this tender. | | | | | | |
| 23 | वार्षिक दर अनुबन्ध पर, Sodium Hypochlorite solution Grade-II with minimum available chlorine (Cl) 12.5% to 15% mass by volume conforming to specification as per I.S.: 11673/1992 with latest amendments for Drinking Water Purpose की आपूर्ति। | | | | | | |
| | | 10,30,000.00 | 18.01.2021 from 11:00 a.m. | 03.02.2021 upto 5:00 p.m. | 04.02.2021 at 11:00 a.m. | 90 days | 23.01.2021 at 11:00 a.m. |
| | अर्हताः– Only manufacturers of Sodium Hypochlorite solution Grade-II conforming to specification as per I.S.: 11673/1992 are allowed to take part in this tender. | | | | | | |
| 24 | वार्षिक दर अनुबन्ध पर, एल्यूमिनो फैरिक ग्रेड–प्ट इन द फार्म ऑफ नेक्ड लूज स्लैब्स इच वेईंग 20 k.g. +/- 5 k.g. एज पर कनफर्मिंग टू IS 299-1989 revised as IS 299-2012 फार प्यूरिफिकेषन ऑफ वाटर की आपूर्ति। | | | | | | |
| | | 1,94,000.00 | 18.01.2021 from 11:00 a.m. | 03.02.2021 upto 5:00 p.m. | 04.02.2021 at 11:00 a.m. | 90 days | 23.01.2021 at 11:00 a.m. |
| | अर्हताः– Only manufacturers of Alumino Ferric Grade-IV as per confirming to IS specification: 299-1989 revised as IS:299-2012 are allowed to take part in this tender. | | | | | | |
| 25 | वार्षिक दर अनुबन्ध पर, आई.एस.आई. मार्कड पाइप रिंचेज हैवी ड्यूटी कर्न्फोमिंग टू IS: 4003/1986 (Part-II), पाइप रिंचेज जनरल परपज कर्न्फोमिंग टू IS: 4003/1978 (Part-I), हैक्सा फ्रेम तथा हैक्सा ब्लेड की आपूर्ति। | | | | | | |
| | | 54,000.00 | 18.01.2021 from 11:00 a.m. | 03.02.2021 upto 5:00 p.m. | 04.02.2021 at 11:00 a.m. | 90 days | 23.01.2021 at 11:00 a.m. |
| | अर्हताः– Only manufacturers of ISI marked Pipe Wrenches Heavy Duty, Pipe Wrenches General Purpose having BIS license for IS: 4003/1986 (Part-II), IS: 4003/1978 (Part-I) respectively and ISO certified manufacturers of Hexa Frame and Hexa Blade are allowed to take part in the tender. | | | | | | |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट http://ujs.uk.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता

**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

उप मु. सं. एवं दू. अभि.नि./सी. डब्ल्यू, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फ्रॉम एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राईटेरिआ फुल फिल करते हैं, निम्नलिखित कार्य कि लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | "उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन में रावी ब्रिज सेक्शन के दोहरीकरण के संबंध में कठुआ और माधोपुर पंजाब स्टेशनों पर पीआई के परिवर्तन का एस एंड टी कार्य और निकटवर्ती स्टेशनों पर संबद्ध दूरसंचार के कार्य हेतु"। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 06 महीने (अनुबंध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 66.35 लाख (अनुमानित) |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 1,32,700/- (रु. एक लाख बत्तीस हजार सात सौ केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदाकर्ता केवल ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 10.02.2021 को 11.30 बजे के बाद खोला जाएगा। |
| 6 | स्थान जहां से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज–IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 18.01.2021 से 11.30 बजे दिनांक 10.02.2021 तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा, दिनांक 27.01.2021 से 10.02.2021 को 11.30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता जो उपरोक्त वेबसाइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी ए.सी. III डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

सं.: 178-सिग/सी. डब्ल्यू/32/96/Pt-II दिनांकः 15.01.2021 125/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**HCL TECHNOLOGIES LIMITED**

Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi, 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336

Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 31 December 2020 (Unaudited) | Nine months ended 31 December 2020 (Unaudited) | Three months ended 31 December 2019 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 19,302 | 55,738 | 18,135 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 4,479 | 12,486 | 3,686 |
| Net profit for the period before tax | 4,479 | 12,486 | 3,686 |
| Net profit for the period after tax | 3,977 | 10,058 | 2,944 |
| Net profit for the period after tax and non-controlling interest | 3,969 | 10,043 | 2,944 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax) | 4,370 | 10,806 | 3,298 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | 543 | 543 | 543 |
| Other equity as at 31 March 2020 | | | 50,724 |
| Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹) | | | |
| Basic (in ₹) | 14.63 | 37.01 | 10.85 |
| Diluted (in ₹) | 14.63 | 37.01 | 10.85 |

Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 31 December 2020 (Unaudited) | Nine months ended 31 December 2020 (Unaudited) | Three months ended 31 December 2019 (Unaudited) Refer note 4 |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 9,404 | 26,424 | 8,666 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 3,642 | 9,951 | 2,980 |
| Net profit for the period before tax | 3,642 | 9,951 | 2,980 |
| Net profit for the period after tax | 3,397 | 8,287 | 2,430 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 3,443 | 8,703 | 2,380 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | 543 | 543 | 543 |
| Other equity as at 31 March 2020 | | | 37,003 |
| Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹) | | | |
| Basic (in ₹) | 12.52 | 30.54 | 8.96 |
| Diluted (in ₹) | 12.52 | 30.54 | 8.95 |

Notes :

1 The consolidated and the standalone financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2020 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 15 January 2021. The statutory auditors have issued unmodified review report on these results.

2 The Board of Directors at its meeting held on 15 January 2021 has declared an interim dividend of ₹ 4 /- per share.

3 Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

4 The Hon'ble National Company Law Tribunal of New Delhi and Bengaluru have approved the Scheme of Amalgamation providing for the merger of four direct /step-down wholly-owned subsidiaries engaged in providing IT and IT related services viz. HCL Eagle Limited, HCL Comnet Limited, HCL Technologies Solutions Limited and Concept2Silicon Systems Private Limited (the "Transferor companies") with and into HCL Technologies Limited (the "Transferee company") with effect from 01 April 2019, the appointed date. The scheme has become effective on 13 July 2020 on filling of the certified true copy of the Orders of the Delhi and the Bengaluru NCLT with the Registrar of Companies on 13 March 2020 and 13 July 2020 respectively.

Since the Transferor Companies are the wholly-owned subsidiaries of the Transferee Company, there will be no issue and allotment of shares as consideration. The difference between the amounts recorded as investments of the Company (Transferee Company) and the amount of share capital of the aforesaid amalgamating subsidiaries (Transferor Companies) has been adjusted in the Common Control Transaction Capital Reserve. The comparative results have been restated for all period presented as per guidance under Appendix C of Ind AS 103 ""Business Combinations"".

The impact of the scheme is not material on the standalone financial results of the company.

5 Tax expense for the three and nine months period ended 31 December 2020 is lower primarily due to reversal of reserve for an uncertain tax position set-up in prior years and reduction in tax liability attributable to change in the method of calculating a tax deduction under stipulated provisions of tax laws, basis evaluation of recent judicial rulings.

6 On 21 September 2020, the Group had announced its intent to acquire through a wholly owned subsidiary, 100% stake in DWS Limited, a leading Australian IT, business and management consulting group for ₹ 890 crores (AUD 158.20 million) payable in cash. The acquisition has been consummated on 5 January 2021.

7 In view of pandemic relating to COVID-19, the group has considered and taken into account internal and external information on current estimates in assessing the recoverability of receivables, unbilled receivables, goodwill, intangible assets, other financial assets, impact on revenues and costs, impact on leases and effectiveness of its hedging relationships. However, the actual impact of COVID-19 on the Group's financial statements may differ from that estimated and the Group will continue to closely monitor any material changes to future economic conditions.

8 The Indian Parliament has approved the Code on Social Security, 2020 which would impact the contributions by the group towards Provident Fund and Gratuity. The effective date from which the changes are applicable is yet to be notified and the final rules are yet to be framed. The Group will carry out an evaluation of the impact and record the same in the financial statements in the period in which the Code becomes effective and the related rules are published.

9 The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com.

By the order of the Board of Directors
for HCL Technologies Limited

Shiv Nadar, Chief Strategy Officer
C. Vijayakumar, President and Chief Executive Officer
Prateek Aggarwal, Chief Financial Officer

Noida (UP), India
15 January 2021

HCL


ताजा खबरों के लिए देखें : www.livehindustan.com